## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी उनियारा जिला टोंक

(श्री कैलाश चन्द गुर्जर आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी उनियारा द्वारा अध्यासित)

दावा संख्या – 123/2018

निर्णय दिनांक– 05.02.2019

### उनवान

1. बदरी पुत्र किशनलाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
2. हंसराज पुत्र किशनलाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
3. हरिभजन पुत्र किशनलाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
4. मथुरा पत्नि किशनलाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
5. हंसा पुत्री किशनलाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक

–वादीगण

### बनाम

1. घांसी पुत्र कंवरपाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
2. झूमा पत्नि कंवरपाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
3. बाबू पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
4. कन्हैया पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
5. गंगाबिशन उर्फ बिशन पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
6. राजू पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
7. पप्पू पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
8. कैलाश पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
9. बदाम पुत्री हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
10. पषमा पुत्री हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
11. काली पुत्री हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
12. बरजी पुत्री हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
13. ग्यारसी पत्नि हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
14. गीता पुत्री कंवरपाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
15. मीरा पुत्री कंवरपाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
16. रूकमणी पुत्री कंवरपाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
17. तहसीलदार उनियारा जिला टोंक

–प्रतिवादीगण

### दावा बाबत उदघोषणा,दुरूस्ती इन्द्राजात

उपस्थित– 1. श्री बेणीप्रसाद मीणा वकील वादीगण

2. श्री श्रीराम गोयल वकील प्रतिवादी न0 1 से 16

उप खण्ड अधिकारी

उनियारा

Scanned by CamScanner

## निर्णय

वादीगण द्वारा प्रस्तुत वाद के तथ्य संक्षिप्त मे निम्न प्रकार है:–

यह है कि वादीगण एवं प्रतिवादी न0 1 ता 16 की पुश्तैनी खातेदारी व कब्जे काश्त की
आराजी खाता संख्या 29 आराजी खसरा नंबर 219 रकबा 0.24, ख0नं0 220 रकबा 0.32, ख0नं0
222 रकबा 0.25, ख0नं0 224 रकबा 0.11, ख0नं0 225 रकबा 0.13 हैक्टर कुल किता 5 कुल
रकबा 1.05 हैक्टर एवं खाता संख्या 30 ख0न0 223 रकबा 0.05 है0 गे0मु0 चाह वाके ग्राम भानपुरा
तहसील उनियारा जिला टोंक में स्थित है। वादग्रस्त आराजीयात में खातेदार देवा उर्फ देवलाल
पुत्र श्रीकिशन की मृत्यु हो चुकी है। देवा उर्फ देवलाल के कोई पुत्र अथवा पुत्री संतान नही थी
तथा देवा उर्फ देवलाल अविवाहित फोत हुआ था। जिसने अपने जीवनकाल में वादीगण के पिता
किशनलाल को गोद ले लिया था तथा वादीगण के पिता किशनलाल द्वारा ही मृतक देवलाल की
समस्त सेवा सुश्रुषा की थी। देवलाल की मृत्यु के बाद उसकी पगडी का दस्तुर वादीगण के पिता
के ही हुआ था। देवा उर्फ देवलाल ने अपने जीवनकाल ही अपने हिस्से की आराजी खाता संख्या
29 मे हिस्सा 1/4 व खाता संख्या 30 मे हिस्सा 1/8 पर वादीगण के पिता को काबिज करवा
दिया था। वादीगण के पिता किशनलाल जब तक जीवित रहा तब तक वह वादग्रस्त आराजीयात
में स्वयं काबिज काश्त रहा तथा उसकी मृत्यु के बाद वादीगण देवा उर्फ देवलाल के हिस्से की
आराजी पर काबिज काश्त चले आ रहे है तथा राज्य सरकार को लगान जमा करवाते आ रहे है।
वादीगण व प्रतिवादीगण संयुक्त हिन्दू परिवार के सदस्य है तथा वादग्रस्त आराजी के संबंध में
वादीगण व प्रतिवादीगण के मध्य कभी किसी प्रकार का विवाद भी नही है तथा आपस मौखिक
विभाजन कर अपने–अपने हिस्से पर काबिज काश्त है।

यह है कि वादीगण की अधियाचना है कि वादग्रस्त आराजी खाता संख्या 29 आराजी
खसरा नंबर 219 रकबा 0.24, ख0नं0 220 रकबा 0.32, ख0नं0 222 रकबा 0.25, ख0नं0 224 रकबा
0.11, ख0नं0 225 रकबा 0.13 हैक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 1.05 हैक्टर मे 1/4 हिस्सा एवं
खाता संख्या 30 ख0न0 223 रकबा 0.05 है0 गे0मु0 चाह मे 1/8 हिस्सा वाके ग्राम भानपुरा
तहसील उनियारा जिला टोंक का खातेदार काश्तकार घोषित किया जावे। राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी
से देवलाल पुत्र श्रीकिशन का नाम तर्क किया जावे।

उक्त वाद प्रस्तुत होने पर रिपोर्ट सरिस्ते ली जाकर दावा दर्ज रजिस्टर कर प्रतिवादीगण
को जरियें सम्मन तलब किया गया ।

प्रतिवादीगण द्वारा दिनांक 18.12.2018 को उपस्थित होकर इकबाली जवाब दावा पेश किया
गया । वादी ने अपने वाद पत्र के समर्थन में गवाहान, बाबू , घांसी व गंगाबिशन गुर्जर के शपथ
पत्र प्रस्तुत किये गये।

उभय पक्षों के वकील की बहस सुनी गयी। बहस पर गोर किया गया। पत्रावली व उस पर
उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया । नकल, जमाबन्दी सम्वत् 2071–74 वाके ग्राम
भानपुरा में आराजी खसरा नम्बर नंबर 219 रकबा 0.24, ख0नं0 220 रकबा 0.32, ख0नं0 222
रकबा 0.25, ख0नं0 224 रकबा 0.11, ख0नं0 225 रकबा 0.13 हैक्टर कुल किता 5 कुल रकबा
1.05 हैक्टर प्रतिवादीगण 1 ता 8 व 10 ता 15 व देवलाल पुत्र श्रीकिशन जाति गुर्जर की संयुक्त
खातेदारी मे दर्ज है। प्रतिवादीगण 1 ता 16 द्वारा इकबाली जवाब दावा व शपथ पत्र प्रस्तुत कर
वादीगण के वाद की पुष्टि की गई है। वादीगण ने भी अपने वाद के समर्थन मे गवाह बाबू, घासी

उप खण्ड अधिकारी

Scanned by CamScanner

व गंगाबिशन उर्फ बिशन गुर्जर के भी शपथ पत्र प्रस्तुत किये है। वादीगण व प्रतिवादी न0 1 ता 16 एक ही परिवार के सदस्य है। प्रतिवादीगण ने खातदार देवा उर्फ देवलाल को फोत होना तथा वादीगण के पिता किशनलाल को खातेदार देवलाल द्वारा गोद लेना स्वीकार किया है। प्रतिवादीगण ने देवलाल के हिस्से की आराजीयात को किशनलाल तथा उसके बाद उनके वारिसान के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने में कोई आपत्ति प्रस्तुत नही की हैं।

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि किशनलाल पुत्र श्रीनारायण देवलाल का दत्तक पुत्र रहा है। न्यायालय वादीगण के वाद को स्वीकार करना उचित समझता है। अतः वाद बहक वादीगण विरूद्व प्रतिवादी न0 1 ता 16 डिक्री किया जाकर आराजी खसरा नम्बर 219 रकबा 0.24, ख0नं0 220 रकबा 0.32, ख0नं0 222 रकबा 0.25, ख0नं0 224 रकबा 0.11, ख0नं0 225 रकबा 0.13 हैक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 1.05 हैक्टर मे 1/4 हिस्सा एवं खाता संख्या 30 ख0न0 223 रकबा 0.05 है0 गे0मु0 चाह मे 1/8 हिस्सा वाके ग्राम भानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक मे से खातेदार देवा पुत्र श्रीकिशन का नाम हटाया जाकर उसके स्थान पर वादीगण को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। तहसीलदार उनियारा को इसी अनुरूप राजस्व रिकार्ड में अकंन किये जाने के आदेश दिये जाते है। पर्चा डिक्री जारी हो । फरिकेन खर्च अपना अपना वहन करे।

यह निर्णय आज दिनांक 05.02.2019 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(कैलाश चन्द गुर्जर)
**उपखण्ड अधिकारी उनियारा**
**जिला टोंक (राज0)**
उप खण्ड अधिकारी
उनियारा

Scanned by CamScanner

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी उनियारा जिला टोंक

(डिकी मुकदमा इब्तदाई)

उनवान

1. बदरी पुत्र किशनलाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
2. हंसराज पुत्र किशनलाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
3. हरिभजन पुत्र किशनलाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
4. मथुरा पत्नि किशनलाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
5. हंसा पुत्री किशनलाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक

—वादीगण

बनाम

1. घांसी पुत्र कंवरपाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
2. झूमा पत्नि कंवरपाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
3. बाबू पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
4. कन्हैया पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
5. गंगाबिशन उर्फ बिशन पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
6. राजू पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
7. पप्पू पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
8. कैलाश पुत्र हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
9. बदाम पुत्री हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
10. पषमा पुत्री हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
11. काली पुत्री हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
12. बरजी पुत्री हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
13. ग्यारसी पत्नि हजारी जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
14. गीता पुत्री कंवरपाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
15. मीरा पुत्री कंवरपाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
16. रूकमणी पुत्री कंवरपाल जाति गुर्जर निवासी श्योदासपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक
17. तहसीलदार उनियारा जिला टोंक

—प्रतिवादीगण

### दावा बाबत उदघोषणा,दुरूस्ती इन्द्राजात

मुकदमा नम्बर :— 123 वर्ष 2018

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू श्री कैलाश चन्द गुर्जर आर0ए0एस0 ब हाजरी श्री बेणीप्रसाद मीणा वकील वादीगण मिनजानिब मुद्दइ व श्री श्रीराम गोयल वकील प्रतिवादीगण न0 1 ता 16 मिनजानिब मुद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि आराजी खसरा नम्बर आराजी खसरा नम्बर 219 रकबा 0.24, ख0नं0 220 रकबा 0.32, ख0नं0 222 रकबा 0.25, ख0नं0 224 रकबा 0.11, ख0नं0 225 रकबा 0.13 हैक्टर कुल किता 5 कुल रकबा 1.05 हैक्टर मे 1/4

उप खण्ड अधिकारी
उनियारा

Scanned by CamScanner

हिस्सा एवं खाता संख्या 30 ख0न0 223 रकबा 0.05 है0 गे0मु0 चाह मे 1/8 हिस्सा वाके ग्राम भानपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक मे से खातेदार देवा पुत्र श्रीकिशन का नाम हटाया जाकर उसके स्थान पर वादीगण को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। तहसीलदार उनियारा को इसी अनुरूप राजस्व रिकार्ड में अकंन किये जाने के आदेश दिये जाते है। फरिकेन खर्च अपना अपना वहन करे।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 05 माह 02 सन् 2019 को जारी की गई।

**उपखण्ड अधिकारी**
**उनियारा जिला टोंक**

उप खण्ड अधिकारी
उनियारा

Scanned by CamScanner